मेरठ से प्रकाशित व बुलन्दशहर, मुजफ्फरनगर, बागपत, सहारनपुर, बिजनौर, गाजियाबाद, हापुड, उत्तराखंड हरियाणा से एक साथ प्रसारित

हिन्दी साप्ताहिक

# सर्वहित भारत

UPHIN2018/76993

मो. 9837558066

'web: www.sarvhitbharat.com

सत्य की खोज.....




पशुपालन की स्वरोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका...2


वर्ष : 4 अंक 12 | मेरठ, शनिवार, 26 फरवरी 2022 से 04 मार्च 2022 | मूल्य दो रूपया


**संक्षिप्त समाचार**

## चानू ने जीता गोल्ड, राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई



सिंगापुर (एजेंसी)। भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर भारोत्तोलन अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 55 किग्रा भार वर्ग में क्वालीफाई किया। पहली बार 55 किग्रा भार वर्ग में भाग ले रही चानू ने 191 किग्रा (86 किग्रा और 105 किग्रा) भार उठाया। उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और वह आसानी से पहले स्थान पर रही। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आस्ट्रेलिया की जेसिका सेवास्टेंको दूसरे स्थान पर रही, जबकि उन्होंने कुल 167 किग्रा (77 किग्रा, 90 किग्रा) वजन उठाया, जो चानू से 24 किग्रा कम था।

## इंडोनेशिया में 6.2 तीव्रता का भूकंप, 7 की मौत



जकार्ता (एजेंसी)। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के तटीय इलाकों में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। ये झटके मलेशिया और सिंगापुर में भी महसूस किए गए। भूकंप के कारण 7 लोगों की मौत होने और 85 लोगों के घायल होने की सूचना है, कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र पश्चिम सुमात्रा प्रांत के पहाड़ी शहर बुकिटिंगी के उत्तर-उत्तर पश्चिम में 66 किलोमीटर दूर 12 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की मौसम एवं जलवायु विज्ञान और भूभौतिकीय एजेंसी ने कहा कि भूकंप के कारण सुनामी का कोई खतरा नहीं है, लेकिन उन्होंने भूकंप के बाद और झटकों की चेतावनी दी है। टेलीविजन की खबरों में पश्चिमी सुमात्रा प्रांत की राजधानी पडांग में सड़कों पर घबरा कर भागते हुए लोगों को दिखाया गया। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में दिखाया गया है कि कुआलालम्पुर में गगनचुंबी इमारतों के कुछ सेकंड तक हिलने के बाद निवासी सड़कों पर इकट्ठा हो गए।

## 5वां चरण प्रियंका का रोड शो, थमा प्रचार



लखनऊ (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रयागराज में विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी अनुग्रह नारायण सिंह के समर्थन में यहां रोड शो किया। यूपी विधानसभा चुनाव के 5वें चरण के लिए शुक्रवार शाम 6 बजे प्रचार खत्म हो गया। इस चरण में 12 जिलों की 61 सीटों पर रविवार को मतदान होगा। इस चरण में 692 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनकी राजनीतिक तकदीर का फैसला करीब 2.24 करोड़ मतदाता करेंगे। मतदान रविवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

**यूक्रेन की राजधानी कीव की घेराबंदी:**

# रूस ने वार्ता के लिए रखी शर्त



- **नाटो में शामिल होने का प्रयास छोड़ गुट-निरपेक्ष बनना होगा**

कीव (एजेंसी)। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव की तीन ओर से घेराबंदी करने के बाद अब यूक्रेन को सशर्त वार्ता की पेशकश की है। मास्को की शर्त है कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने का अपना प्रयास छोड़ दे और गुट-निरपेक्ष हो जाए। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्रि पोस्कोव ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपनी इस पेशकश के जवाब में प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए बेलारूस भेजने को तैयार हैं।

इससे पूर्व तीन तरफसे सैनिकों और टैंकों को भेजने के बाद शुक्रवार को राजधानी कीव के बाहरी इलाके में आक्रमण की कार्रवाई तेज कर दी थी। कीव में दिन निकलने से पहले ही धमाकों की आवाजें सुनाई देने लगीं और बाद में सरकारी क्वार्टर के पास गोलियों की आवाज सुनी गई।

रूसी सेना ने कहा कि उसने पश्चिम में एक शहर पर नियंत्रण कर लिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि कीव की 'संभवतः घेराबंदी कर ली गई है।' इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के हमले में अभी तक 10 सैन्य अधिकारियों समेत 137 'नायक' मारे गए हैं। उनके एक सलाहकार ने कहा कि लगभग 400 रूसी सैनिक मारे गए हैं। मास्को ने हालांकि हताहतों की संख्या नहीं बताई है। रूसी सैन्य बलों के उत्तर से कीव की तरफ कूच करने की खबरों के बीच यूक्रेन की सेना कीव के उत्तर-पश्चिम में 60 किलोमीटर दूर दुश्मन फौज से भीषण लड़ाई लड़ रही है। रूसी सैनिक सीमा के पास स्थित सूमी शहर में भी दाखिल हो चुके हैं। यहां से एक राजमार्ग राजधानी कीव की ओर जाता है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि शुक्रवार को शहर में एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में एक रॉकेट हमले से आग लगने के बाद तीन लोग घायल हो गए। रूस ने कहा है कि वह शहरों को निशाना नहीं बना रहा, लेकिन पत्रकारों ने कई रिहायशी क्षेत्रों में तबाही का मंजर देखा।

**रूस ने अपने हवाई क्षेत्र में ब्रिटेन की उड़ानें रोकीं**

मास्को (एजेंसी। एयरोफ्लोत की उड़ानों पर ब्रिटेन के प्रतिबंधों के बाद रूस के नागर विमानन प्राधिकरण ने अपने हवाई क्षेत्र में ब्रिटिश उड़ानों पर पाबंदी लगा दी है। नागर विमानन प्राधिकरण रोसावित्सिया ने कहा कि ब्रिटेन आने जाने वाली सभी उड़ानों के साथ-साथ पारगमन उड़ानों पर शुक्रवार से प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्राधिकरण ने कहा कि ब्रिटिश प्राधिकारों के 'गैर मैत्रीपूर्ण निर्णय' के जवाब में यह कदम उठाया गया है। ब्रिटेन ने यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद उसकी विमान कंपनी एयरोफ्लोत की उड़ानों पर पाबंदी लगाई है।

**पुतिन, लावरोव की संपत्ति फ्रीज करेगा ईयू**

ब्रसेल्स। लग्जमबर्ग के विदेश मंत्री जीन एसेलबोर्न ने शुक्रवार को कहा कि 27 सदस्य देशों वाला यूरोपीय संघ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संपत्तियां फ्रीज करने के निर्णय पर सहमति के बेहद करीब है। ईयू के विदेश मंत्रियों की एक बैठक से पहले उन्होंने कहा, श्मुझे लगता है कि हम सहमति के बेहद करीब हैं।...चर्चा होगी लेकिन मुझे लगता है कि हम इस पर सहमत हैं कि पुतिन और लावरोव की संपत्तियों को फ्रीज कर देना चाहिए।

**रणनीतिक महत्व वाले एयरपोर्ट पर कब्जा**

रूस की सेना ने कहा है कि उसने यूक्रेन की राजधानी के बाहर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण एक विमानतल को अपने कब्जे में ले लिया है और कीव का संपर्क पश्चिम से काट दिया है। होस्तोमेल के हवाई अड्डे पर एक लंबा रनवे है जो भारी मालवाहक विमानों की उड़ानों को संभाल सकता है। ऐसे में रूस कीव के बाहरी इलाकों में सीधे तौर पर अपनी सेनाएं उतार सकता है। रूसी सेनाओं ने होस्तोमेल पर उतरने के लिए 200 हेलीकॉप्टरों का सहारा लिया।

**चेर्नोबिल में काम सामान्य**

मॉस्को। रूस के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को दावा किया कि यूक्रेन में स्थित चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र पर कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है और स्टेशन पर विकिरण स्थिति की निगरानी की जा रही है। एक दिन पहले संयंत्र पर तैनात यूक्रेनी सैनिकों के साथ भीषण संघर्ष के बाद रूस ने इस पर कब्जा कर लिया था। इस संयंत्र में 1986 में हुई परमाणु त्रासदी के बाद से ही परमाणु विकिरण लीक हो रहा है।

**कड़े प्रतिबंधों की कवायद**

पैरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को कहा कि फ्रांस और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने सैन्य, ऊर्जा, वित्त सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े रूसी नागरिकों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाकर मॉस्को पर 'बेहद कड़ा प्रहारश् करने का फैसला किया है। प्रतिबंधों से जुड़े कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देकर उसे यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा।

## पूर्व अफसर सुब्रमण्यम गिरफ्तार



- **एनएसई मामले में सीबीआई ने की कार्रवाई**

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सीबीआई ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में अनियमितताओं को लेकर इसके पूर्व समूह संचालन अधिकारी आनंद सुब्रमण्यम को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की जांच पिछले 3 वर्षों से चल रही है और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की एक ताजा रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई ने यह गिरफ्तारी की है। सेबी की इस रिपोर्ट में एक रहस्यमयी योगी के बारे में पता चला है जो पूर्व सीईओ चित्रा रामकृष्ण के कार्यों और अन्य अनियमितताओं का मार्गदर्शन कर रहा था। इसके अलावा रिपोर्ट में कुछ नये तथ्य भी सामने आए हैं। सीबीआई के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि सुब्रमण्यम को बृहस्पतिवार देर रात हिरासत में ले लिया गया। एजेंसी ने उन्हें गिरफ्तार करने से पहले उनसे चेन्नई में कई दिनों तक पूछताछ की थी। पूछताछ में सुब्रमण्यम ने सवालों का जवाब देने में टालमटोल किया, इसीलिए सीबीआई ने उन्हें हिरासत में ले लिया। सीबीआई सुब्रमण्यम को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाने के लिए चेन्नई की एक अदालत में पेश करेगी। अधिकारियों के मुताबिक एक बार याचिका मंजूर हो जाने के बाद, सीबीआई उसे राष्ट्रीय राजधानी में लाएगी और अपने मुख्यालय में मामले के संबंध में पूछताछ के लिए उसे हिरासत में रिमांड पर लेने के लिए एक विशेष अदालत के समक्ष पेश करेगी।

एक ऑडिट रिपोर्ट में सुब्रमण्यम को कथित तौर पर एक रहस्यमयी योगी के रूप में संदर्भित किया गया था, लेकिन इसे सेबी ने 11 फरवरी को अपनी रिपोर्ट में खारिज कर दिया था। वर्ष 2013 में एनएसई के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि नारायण की जगह लेने वालीं चित्रा रामकृष्ण ने सुब्रमण्यम को अपना सलाहकार नियुक्त किया था। इसके बाद सुब्रमण्यम को 4.21 करोड़ रुपये के मोटे वेतन पर समूह संचालन अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया था।

# घरेलू रक्षा प्रणालियां बनाने पर देना होगा जोर: मोदी

- **कहा- इनके अनोखेपन और विशिष्टता का बहुत महत्व**



नयी दिल्ल (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि रक्षा प्रणालियों में अनोखेपन और विशिष्टता का बहुत महत्व है तथा दुश्मनों को सहसा चौंका देने वाले यह तत्व रक्षा उपकरणों में तभी संभव है, जब इन्हें अपने देश में विकसित किया जाए। आम बजट-2022 में रक्षा क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साइबर जगत की चुनौतियों का भी उल्लेख किया और कहा कि साइबर सुरक्षा अब सिर्फ डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्र की सुरक्षा का विषय बन चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि विदेशों से हथियार मंगाने की प्रक्रिया बहुत लंबी है, जिससे हथियार भी समय की मांग के अनुकूल नहीं रहते और इसमें (हथियार सौदे में) भ्रष्टाचार तथा विवाद भी होते हैं, लिहाजा इसका समाधान 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' में ही निहित है। उन्होंने कहा कि वेबिनार का विषय 'रक्षा में आत्मनिर्भरता, कॉल टू एक्शन' है और यह देश के इरादों को स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा कि इस बार के आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों में से 70 प्रतिशत घरेलू उद्योगों के लिए रखा जाना सरकार की इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि रक्षा प्रणालियों में अनोखेपन और विशिष्टता का बहुत महत्व है, क्योंकि यह दुश्मनों को सहसा चौंका देने वाले तत्व होते हैं।

**6 साल में 6 गुना हुआ निर्यात**

पीएम ने कहा कि पिछले 6 साल में रक्षा निर्यात में 6 गुना की वृद्धि हुई है। आज भारत 75 से भी ज्यादा देशों को 'मेड इन इंडिया' रक्षा उपकरण और सेवाएं मुहैया करा रहा है।

**4.5 लाख करोड़ की खरीद प्रक्रिया जारी**

मोदी ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने अब तक 200 से अधिक रक्षा प्लेटफॉर्म और उपकरणों की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी की हैं। उन्होंने कहा कि 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक धनराशि की उपकरण खरीद प्रक्रिया विभिन्न चरणों में है।

# शोपियां में लश्कर के 2 आतंकी ढेर, एक नागरिक भी मारा गया



जम्म (एजेंसी)। शोपियां में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया, और इलाके में तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक आम नागरिक की भी मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, दक्षिण कश्मीर में शोपियां जिले के अमशीपोरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। वहां छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करने के परिणामस्वरूप यह तलाशी अभियान एक मुठभेड़ में तबदील हो गया और जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस अधिकारी के मुताबिक आतंकवादी जिस मकान में छिपे हुए थे, उस मकान का मालिक भी इस मुठभेड़ में मारा गया।

सूत्रों के अनुसार मारे गए दोनों आतंकी स्थानीय हैं और इनका संबंध लश्कर-ए-तैयबा से है। सूत्रों ने इनकी पहचान मुज्जमिल और शाकिर के रूप में बतायी है। सुमुठभेड़ स्थल से हथियार, गोलाबारूद के अलावा आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है।

मौके पर बड़ी संख्या में नागरिकों के मौजूद होने के बाद पहले उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्धों के बारे में जानकारी मिलने के बाद 44 राष्ट्रीय राइफल्, शोपियां पुलिस और सीआरपीएफ की 14 बटालियन ने मिलकर अभियान चलाया था।

# मानवाधिकार कार्यकर्ता, एनआईए के पूर्व एसपी नेगी को भेजा जेल

**आतंकी फंडिंग मामला**



नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत ने कश्मीर घाटी में आतंकवाद की फंडिंग से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरविंद दिग्विजय नेगी, कश्मीरी मानवाधिकार कार्यकर्ता खुर्रम परवेज और अन्य को एक महीने की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश परवीन सिंह ने आरोपी व्यक्तियों को 24 मार्च तक के लिए जेल भेज दिया। उन्होंने आरोपियों को तब न्यायिक हिरासत में भेजा, जब उन्हें एनआईए द्वारा हिरासत में पूछताछ की अवधि समाप्त होने पर अदालत के सामने पेश किया गया। एजेंसी ने एनआईए के पूर्व एसपी नेगी को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर के एक ओवरग्राउंड वर्कर को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

यह मामला भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था, जिसमें आतंकवाद और आतंकी फंडिंग से संबंधित मामले भी शामिल हैं। एनआईए ने आरोप लगाया था कि आरोपी लश्कर-ए-तैयबा के ओवरग्राउंट वर्कर का एक नेटवर्क चला रहे थे और पूरे भारत में व्यक्तियों की भर्ती की। एजेंसी ने कहा कि साजिश के तहत, आरोपी विदेश स्थित अपने आकाओं के संपर्क में थे और उनके निर्देश पर महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, सुरक्षा बलों के साथ-साथ आतंकवादी हमलों के लिए लक्षित स्थानों की पहचान करने में लगे थे।

**दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने दिए आदेश**

# स्कूलों में धार्मिक पोशाक पहनने पर रोक



नयी दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) की शिक्षा समिति ने अपने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कोई भी छात्र-छात्रा 'धार्मिक पोशाक' पहन कर एसडीएमसी के स्कूलों में न आए। एसडीएमसी की शिक्षा समिति की अध्यक्ष नितिका शर्मा ने इस संबंध में एसडीएमसी के शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। एसडीएमसी कक्षा पांच तक के लगभग 568 स्कूलों का संचालन करता है।

पत्र में शर्मा ने शिक्षा निदेशक से सभी जोनल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने को कहा है कि एसडीएमसी के प्राथमिक स्कूलों में छात्र-छात्राएं 'धार्मिक पोशाक' पहनकर न आएं और उन्हें निर्धारित ड्रेस कोड में ही स्कूल में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए। एसडीएमसी का यह फैसला उत्तर-पूर्वी दिल्ली के तुखमीरपुर इलाके में एक अभिभावक द्वारा यह आरोप लगाए जाने के कुछ दिन बाद आया है कि सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने उसकी बेटी से सिर पर बंधा 'स्कार्फ' हटाने को कहा था। शर्मा ने तर्क दिया कि 'धार्मिक पोशाक' पहनकर कक्षा में शामिल होने से छात्र-छात्राओं के बीच 'असामनता' का भाव पैदा होगा। उन्होंने कहा कि मैंने एसडीएमसी के शिक्षा निदेशक से जोनल अधिकारी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने को कहा है कि छात्र-छात्राएं धार्मिक पोशाक में स्कूलों में न आएं, क्योंकि इससे उनके बीच मतभेद और असमानता का भाव पनपता है। उन्होंने कहा कि एसडीएमसी के स्कूलों के लिए एक उचित ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है और छात्र-छात्राओं को इसका पालन करना चाहिए। हम हर साल बच्चों को स्कूल ड्रेस मुफ्त में देते हैं, ताकि वे स्कूल आते समय धार्मिक पोशाक के बजाय इसे पहनें। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्र-छात्राएं स्कूलों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता या त्योहारों के दौरान 'धार्मिक पोशाक' पहन सकते हैं।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 1329 अंक उछला

मुंबइ (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजारों में 7 दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स और निफ्टी 2.5 प्रतिशत तक बढ़त में रहे। यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस पर अमेरिका तथा उसके सहयोगी देशों की तरफसे लगायी गयी कड़ी पाबंदियों के साथ वैश्विक बाजारों में आयी तेजी का सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा। कारोबारियों के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती और शेयरों के दाम निचले स्तर पर आने से कारोबारियों की लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद बृहस्पतिवार को शेयर बाजार में एक दिन में 2 साल की सबसे बड़ी गिरावट आयी थी। सेंसेक्स 1,328.61 यानी 2.44 प्रतिशत उछलकर 55,858.52 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 410.45 अंक यानी 2.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,658.40 अंक पर बंद हुआ। एचयूएल और नेस्ले को छोड़कर सेंसेक्स के सभी शेयर लाभ में रहे। टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, बजाज फइनेंस, एनटीपीसी और टेक महिंद्रा में 6.54 प्रतिशत तक की तेजी रही।



# यूक्रेन में फंसे भारतीयों को लाएंगी एअर इंडिया की उड़ानें



नयी दिल्ली (एजेंसी)। एअर इंडिया ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए दो उड़ानें शुक्रवार रात रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट भेज दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि जो भी भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से यूक्रेन-रोमानिया सीमा पर पहुंच गये हैं, उन्हें बुखारेस्ट ले जाया जायेगा ताकि उन्हें इन दो उड़ानों के जरिए स्वदेश लाया जा सके। गौर हो कि यूक्रेन ने यात्री विमानों के परिचालन के लिए अपने देश का वायु क्षेत्र बंद कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों ही उड़ानें शनिवार को बुखारेस्ट से भारत रवाना होंगी। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने कहा कि वह रोमानिया तथा हंगरी से आने वाले मार्गों को निर्धारित करने का काम कर रहा है। दूतावास ने कहा, 'वर्तमान में, अधिकारियों की टीम उझोरोद के पास चोप-जाहोनी हंगरी सीमा, चेर्नीवत्सी के पास पोरब्ने-सीरेत रोमानियाई सीमा चौकियों पर पहुंच रही है।श् इन सीमा जांच चौकियों के करीब रह रहे भारतीयों को विदेश मंत्रालय के दलों के साथ समन्वय करने की सलाह दी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों के परिजनों की जान अटकी



मेरठ। रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया है। मेरठ के कई छात्र यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं, हमले के बाद वे वहां फंस गए हैं। शहर के मलियाना निवासी उपन्यासकार विनोद प्रभाकर के बेटे प्रियांशु प्रभाकर का 25 फरवरी का टिकट था, लेकिन यूक्रेन में एयरपोर्ट खाली करा लिए गए। जिससे प्रियांशु के भारत आने की उम्मीद को झटका लगा है।

प्रियांशु लगातार फोन पर परिजनों के संपर्क में हैं। प्रियांशु ने परिजनों को बताया सभी भारतीय छात्रों को यूनिवर्सिटी कैंपस में एकत्रित कर लिया गया है, जबकि कैंपस के ऊपर से रूस के लड़ाकू विमान गुजर रहे हैं। हालांकि रूस के हमले का केंद्र सेना है, जिससे वह सुरक्षित हैं। लेकिन खतरा पुरी तरह बना हुआ है। तीन दिन ये युद्ध चलने की आशंका लग रही है ।पिता विनोद प्रभाकर ने कहा हमने तो यूक्रेन की डिग्री लेने भेजा था। अब लगता है कि बेटा प्रियांशु रूस की डिग्री लेकर लौटेगा। उन्होंने मामले में केंद्र सरकार पर बेरुखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा यूक्रेन का हवाई यात्रा का टिकट 30 हजार से दो गुना 60 हजार कर दिया गया ।कहा कि सरकार को जिम्मेदारी उठाते हुए यूक्रेन गए भारतीय 25.30 हजार छात्रों को निशुल्क भारत लाने का प्रबंध कराना चाहिए था। लेकिन सरकार ने मामले को गम्भीरता से नहीं लिया। आज हजारों छात्रों के परिवार डर के कारण परेशान हैं। रुसी हमले के बाद भारत वापसी की उम्मीदों को झटका

### छेड़छाड़ के आरोपी के रिश्तेदार ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, एसएसपी से शिकायत



सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ। ब्रह्मपुरी क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। पीड़ित का कहना है कि उसका एक रिश्तेदार छेड़छाड़ के मामले में वांटेड चल रहा था। जिसके चलते पुलिस ने पीड़ित लड़की के भाइयों को लेकर उसके घर पर दबिश दी। इसी के साथ उसे थाने ले जाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। वहीं पुलिस ने उसे सपा को वोट देने की बात कहते हुए भी प्रताड़ित किया। एसएसपी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

अंजुम पैलेस निवासी शकील शुक्रवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा। शकील ने बताया कि उसके रिश्ते के भाई कामरान के खिलाफएक युवती के परिजनों ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शकील ने आरोप लगाया कि 22 फरवरी की रात उक्त युवती के भाई अपने साथ पुलिस को लेकर उसके घर पर पहुंचे। आरोप है कि युवती के भाइयों ने कामरान के विषय में पूछताछ करते हुए शकील के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे गाड़ी में डालकर अपने साथ थाने ले गए। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने थाने में ले जाकर शकील को जमकर पीटा। इसी के साथ साइकिल को वोट देने की बात कहते हुए भी शकील की पिटाई की गई। शकील का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने उसकी हालत बिगड़ने पर उसे छोड़ दिया। जिसके बाद उसके परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसके सिर और कान में गंभीर चोटें आई हैं। शुक्रवार को अपने परिवार के लोगों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंचे शकील ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिसकर्मियों सहित युवती के भाइयों के खिलाफभी कार्यवाही की मांग की। वहीं एसएसपी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

### शरारती तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को बनाया निशाना, परीक्षितगढ़ में जमकर हंगामा

सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ। ब्रहस्पतिवार देर रात परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के पूठी गांव में शराबी और शरारती तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को गांव में जमकर हंगामा हुआ। लगभग दो घंटे चले हंगामे के दौरान पुलिस और एसडीएम मवाना मौके पर पहुंचे। एसडीएम मवाना ने नई मूर्ति स्थापित किए जाने की आश्वासन देते हुए ग्रामीणों को शांत किया। वहीं, पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

बताते चलें कि गांव में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। बताया जाता है देर रात किसी शरारती तत्व ने बाबासाहेब के हाथ की उंगली तोड़ डाली। सुबह प्रतिमा के पास से गुजर रहे दलित समाज के ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त प्रतिमा को देखा तो पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने दलित समाज के अपमान का आरोप लगाते हुए गांव में हंगामा कर दिया। इसी के साथ सैकड़ों ग्रामीण प्रतिमा के पास धरना देकर बैठ गए। मामले की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस में हड़कंप मच गया। इंस्पेक्टर परीक्षितगढ़ आनन-फानन में पुलिस लेकर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। मगर ग्रामीण नई मूर्ति की स्थापना किए जाने और मूर्ति खंडित करने वाले की गिरफ्तारी न होने तक धरने की बात पर अड़े रहे। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम मवाना अमित गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। लगभग दो घंटे चले हंगामे के दौरान एसडीएम मवाना ने गांव में नई मूर्ति की स्थापना का आश्वासन दिया। इसी के साथ थाना पुलिस को आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जिसके बाद हंगामा शांत हुआ। इंस्पेक्टर परीक्षितगढ़ ने बताया कि किसी शरारती तत्व ने मूर्ति को निशाना बनाया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।




# कठपुतली शो के माध्यम से छात्रों को किया कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक

● समय से उपचार कराने पर कुष्ठ रोग से छुटकारा संभव



सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ। कुष्ठ रोग के प्रति आम लोगों से लेकर छात्रों तक जागरूक करने के लिये स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में खरखौदा के मेजर आशाराम स्मारक इंटर कॉलेज में पपेट शो का आयोजन किया गया, जिसमें तीन सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कठपुतली (पपेट) शो के माध्यम से बताया गया कि समय से उपचार कराने पर कुष्ठ रोग से छुटकारा मिल सकता है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा. कमलेश चन्द्र तिवारी के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरखौदा के तत्वावधान में आयोजित कठपुतली शो दिखाने वाले अरविंद ने अपनी कला के माध्यम से संदेश दिया कि कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नहीं है। इसका उपचार संभव है, बस थोड़ी सी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कठपुतली व माइक के माध्यम से छात्र छात्राओं को बताया गया कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु से होता है। यह अनुवांशिक रोग नहीं है। यह भी बताया गया कि यह गलत धारणा है कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्म में किए पापों का फल है। यह एक बीमारी मात्र है, जिसका उपचार संभव है ।कुष्ठ रोग होने पर शरीर पर हल्के रंग के दाग धब्बे हो जाते हैं, जिसमें सुन्नपन होता है। यह तंत्रिकाओं,त्वचा और आंखों को प्रभावित करता है। हाथ या पैरों में अस्थिरता या झुनझुनी होती है। शो के माध्यम से यह भी बताया गया कि कुष्ठ रोग का उपचार मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) द्वारा संभव है। छात्रों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि अगर इस प्रकार के लक्षण किसी भी व्यक्ति में दिखाई दें तो पास के स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क कर उसका उपचार करायें। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी ने बताया जिले भर में कोरोना का संक्रमण कम होने पर जागरूकता अभियान आरंभ कर दिया गया है, जिससे कुष्ठ रोग के प्रति अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें। उन्होंने बताया कुष्ठ रोग का उपचार सरकार की ओर से पूरी तरह निशुल्क किया जाता है।

# रियलमी ने अपनी नार्जो सीरीज में नया उत्पाद - रियलमी नार्जो 50 किया प्रस्तुत

सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ। दुनिया के सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने नार्जो परिवार में नया सदस्य - रियलमी नार्जो 50 प्रस्तुत किया। यह नया सदस्य, रियलमी नार्जो 50 'शक्तिशाली परफॉर्मेंस बूस्टर' स्मार्टफोन है, जो गेमिंग प्रेमियों को बहुत पसंद आएगा क्योंकि इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रोसेसर, खूबसूरत डिस्प्ले, फास्ट चार्जिंग की क्षमता एवं लंबी चलने वाली बैटरी है। इस लॉन्च के बारे में माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी एवं प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिजनेस ग्रुप ने कहा, ''रियलमी नार्जो सीरीज एक फुल-पैक्ड परफॉर्मेंस पर केंद्रित स्मार्टफोन है और अब तक, हमें अपने सभी पिछले उत्पादों के लिए यूजर्स की ओर से बेहतरीन प्रतिक्रिया व सराहना मिली है। आज 7 मिलियन से ज्यादा लोग नार्जो का उपयोग करते हैं और हम बेहतरीन फीचर्स के साथ लाखों विकसित होते हुए स्मार्टफोन यूजर्स को आकर्षित करते रहेंगे। युवा प्लेयर्स को शक्ति, परफॉर्मेंस एवं फन का सर्वश्रेष्ठ मिश्रण प्रस्तुत करने के हमारे उद्देश्य के अनुरूप हमने रियलमी नार्जो 50 प्रस्तुत किया है। इस नए स्मार्टफोन के साथ यूजर्स रोमांचक गेमिंग सत्रों का आनंद ले सकते हैं, क्योंकि इसका मीडियाटेक हीलियो जी96 प्रोसेसर अपने सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ प्रोसेसर है। इस नए उत्पाद के लॉन्च के साथ हमें इसकी बिक्री के लिए एमेजॉन के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करने की खुशी है। यह नया सहयोग हमें बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचने में मदद करेगा और ऑनलाईन सेल्स के बाजार में रियलमी की स्थिति को मजबूत करेगा।''

सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ गेमिंग प्रोसेसर के साथ रियलमी नार्जो 50 में मीडियाटेक हीलियो जी96 प्रोसेसर है। इस प्रोसेसर में दो कॉर्टेक्स-ए76 कोर और छः कॉर्टेक्स-ए55 कोर 2.05 गीगाहर्ट्ज तक की क्लॉक स्पीड से काम करती हैं। इसमें 120 हट्र्ज के रिफ्रेश रेट एवं 180 हट्र्ज के टच सैंपलिंग रेट के साथ 6.6 ईंच का डिस्प्ले है, जो युवा प्लेयर्स को सबसे स्मूथ डिस्प्ले प्रदान करता है। इस स्मार्टफोन में 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है, जिसे 33 वॉट की डार्ट चार्जिंग द्वारा 70 मिनट के अंदर 100 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। रियलमी नार्जो 50 में अद्वितीय डाईनामिक रैम एक्सपैंशन टेक्नॉलॉजी है, जो रैम को 11जीबी तक बढ़ाकर प्लेयर को बहुत ही सुगम अनुभव प्रदान करती है। रियलमी नार्जो 50 में 50 मेगापिक्सल का एआई ट्रिपल कैमरा है। यह दिन हो या रात, बहुत ही शानदार इमेज क्वालिटी कैप्चर करता है और अल्ट्रा-क्लियर एवं रिच डिटेल्स प्रदान करता है। इसके प्राईमरी कैमरा में विशाल क्षेत्र के साथ 50 मेगापिक्सल का इमेज सेंसर है, जो पर्याप्त रोशनी को कैप्चर कर पिक्चर्स को ज्यादा स्पष्ट व चमकदार बनाता है।

# संपन्न छात्रों से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते हैं साधन विहीन छात्रः मंडलायुक्त



सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ। शुक्रवार को मवाना के एएस इंटर कॉलेज के विदाई समारोह में कमिश्नर सुरेंद्र सिंह ने कक्षा 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और अन्य स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया।

इस दौरान छात्रों को संदेश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि वह खुद को किसी से कम ना समझें। साधन संपन्न छात्रों से बेहतर प्रदर्शन साधन विहीन छात्र कर सकते हैं। लिहाजा वह अपनी शिक्षा की तरफ भरपूर ध्यान दें। बताते चलें कि मवाना के एएस इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें कमिश्नर सुरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कॉलेज के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी, अध्यक्ष अखिल कौशिक और प्रधानाचार्य डॉ मेघराज सिंह ने कमिश्नर का स्वागत किया। इस दौरान कमिश्नर सुरेंद्र सिंह ने कक्षा 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इसी के साथ अन्य विद्यालयों से आए प्रधानाचार्यों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त ने शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कई बार छात्र अपने से संपन्न छात्र को देखकर हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। जबकि यह नहीं होना चाहिए। ऐसा नहीं कि साधन संपन्न छात्र ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। कमिश्नर ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि जिन छात्रों के पास साधनों की कमी होती है, वह छात्र साधन संपन्न छात्रों से कहीं अधिक मेधावी साबित होते हैं। इसलिए कोई भी छात्र खुद को कम ना आंके और अपनी पढ़ाई पर भरपूर ध्यान दें।

कमिश्नर के संबोधन से अभिभूत छात्रों ने भी कमिश्नर को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सीडीओ शशांक चौधरी, डीएफओ राजेश कुमार और एसडीएम मवाना अमित कुमार गुप्ता सहित संयुक्त शिक्षा निदेशक ओमकार शुक्ल जिला, विद्यालय निरीक्षक गिरिजेश कुमार चौधरी और जिला समाज कल्याण अधिकारी मोहम्मद मुश्ताक अहमद भी मौजूद रहे।

# जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए की बैठक

● जनपद न्यायाधीश ने आमजन से अपील कर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने व आपसी सुलह समझौते के आधार पर अपने वादो का निस्तारण कराने के लिए कहा



सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली निर्देशानुसार व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 12 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। आज दिनांक 24.02.2022 को श्री रजत सिहं जैन, माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ की अध्यक्षता मे राष्ट्रीय लोक अदालत मे अधिक से अधिक संख्या मे वादो का निस्तारण किये जाने हेतु श्री के0 बालाजी जिलाधिकारी मेरठ व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन चौदह न्यायालय भवन के सभागार कक्ष मे किया गया।

माननीय जनपद न्यायाधीश मेरठ श्री रजत सिहं जैन द्वारा आमजन से अपील की गयी कि वह अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाये तथा आपसी सुलह समझौते के आधार पर अपने वादो का निस्तारण कराये। उन्होने सभी प्रशासनिक अधिकारीगण को यह भी निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु सभी अधिकारीगण को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करना चाहिये तथा समाज के छोटे-छोटे विवादो को आपसी सुलह समझौते के आधार पर समाप्त कराना है ताकि समाज से आपसी द्वेष की भावना को समाप्त किया जा सकें। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु सभी अधिकारीगण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे अभियान न्याय चला निर्धन के द्वार को सफल बनाना हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बैठक में स्टॉम्प, बांट माप, खाद एवं रसद, परिवहन, पेंशन, पोस्ट आफिस, चकबंदी, बैंक, विद्युत, टेलीफोन, कृषि, यातायात आदि विभागो से संबंधित लंबित वादो के निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत मे अधिक से अधिक संख्या मे वादो को निस्तारित किये जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश मेरठ व जिलाधिकारी मेरठ द्वारा निर्देशित किया गया।

बैठक में श्री पंकज वर्मा अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), श्री आलोक सिहं, जिला आबकारी अधिकारी, श्री राघवेन्द्र कुमार सिहं, जिला पूर्ति अधिकारी, श्री घनश्याम सिहं, सहायक श्रमायुक्त, श्रीमती संगीता, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम व श्री अमित कुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी मवाना, श्री देवेन्द्र कुमार, उप निबन्धक सदर श्री सुभाष सिहं, एस0डी0ओ0 वन विभाग, श्री सुधीर कुमार पी0टी0ओ0 सम्भागीय परिवहन विभाग आदि उपस्थित रहे।

### मतदान प्रतिशत को लेकर आयोग हुआ सख्त जिला निर्वाचन अधिकारी से मांगा जवाब




सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ। जिले की कैंट विधानसभा सीट पर मतदान का समय समाप्त होने के बाद आयोग को मतदान प्रतिशत पहले 58 प्रतिशत बताया गया। जोकि रात में घटकर 56.66 रह गया। मतदान प्रतिशत के इस अंतर पर चुनाव आयोग ने सवाल उठाया है। आयोग के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारी से जवाब तलब किया है।

बतादें विधानसभा निर्वाचन 2022 के तहत मेरठ जनपद में प्रथम चरण में 10 फरवरी को मतदान हुआ था। मतदान शाम छह बजे तक चला। इसके तत्काल बाद सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों को आयोग को अनुमानित मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध करानी थी। अन्य विधानसभा क्षेत्रों से तो सबकुछ ठीक रहा, लेकिन कैंट विधानसभा क्षेत्र से मतदान प्रतिशत 58 प्रतिशत बताया गया, जो कुछ समय बाद ही बदलकर 56.66 प्रतिशत हो गया था। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पत्र पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कैंट विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचन अधिकारी एसीएम प्रथम संगीता से जवाब.तलब किया है। निर्वाचन अधिकारी ने अपना जवाब भी उपलब्ध करा दिया है ।कैंट विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचन अधिकारी संगीता ने अपने जवाब में जिला निर्वाचन अधिकारी को बताया कि अनुमानित मतदान प्रतिशत के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से फोन पर मौखिक रिपोर्ट प्राप्त की गई थी। उसके मुताबिक मतदान प्रतिशत 58 था। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्येक बूथ के पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर मतदान प्रतिशत की सूचना तैयार की गई। जिसके मुताबिक अंतिम मतदान प्रतिशत 56.66 रहा। निर्वाचन अधिकारी की इस रिपोर्ट को आयोग को भेज दिया गया है। कैंट विधानसभा क्षेत्र में कब कितना मतदान

विधानसभा चुनाव 2012 58.63
विधानसभा चुनाव 2017 58.86
लोकसभा चुनाव 2019 59.47
विधानसभा चुनाव 2022 56.66

### बेटी ने माता पिता का सपना पूरा किया-बेटियां फाउंडेशन



सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ । बेटियां फाउंडेशन ने प्रभात नगर साकेत में निवासी कस्बा तितावी जिला मुजफ्फरनगर वीशा गोलियान को सम्मानित किया जिसने ना केवल अपने माता-पिता व परिवार का नाम रोशन किया बल्कि समाज के लिए प्रेरणा बनी। सिर्फअपनी लगन व मेहनत से तीसरे प्रयास में ही नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की

बेटियां फाउंडेशन के काउंसलर मीनू बाना ने कहा कि संस्था की बेटी वीशा मध्यमवर्गीय परिवार से व माँ सिलाई का काम करती है उसने माँ के सपनों को पूरा किया है ।अध्यक्ष अंजू पांडे ने कहा कि हर बेटी के लिए जरूरी है कि वह सोच बदले व लक्ष्य बनाए तो हर किसी को सफलता मिल सकती है अधिक संपदा जरूरी नहीं, हां लगन मेहनत से संसाधन ना होते हुए भी आप भविष्य बना सकते हैं संस्था टीम के साथ सहयोगी रेखा ने वीशा की इस उपलब्धि पर लाला लाजपत राय मेडिकल में प्रवेश पाने पर उसके भावी भविष्य के लिए शुभकामनाएं व ट्रॉफी देकर बधाई दी साथ ही माता-पिता के सहयोग संस्कार प्रयासों को भी सराहा जिनकी प्रेरणा के कारण वीशा ने यह मुकाम हासिल किया है वीशा को डॉक्टर बनने के लिए अनेक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा लेकिन उसके हौसलों की उड़ान ने उसके सपनों को पंख दे ही दिए जिससे अपनी पहचान बनाने में सफलता पाई माता को गर्व है कि मेरी बेटी ने नीट में यूपी में 815 अंक हासिल की । बेटियां फाउंडेशन ने माँ को भी बुके देकर सम्मानित किया जिन्होंने अपने हुनर से बेटी को नई दिशा दी व उन्होंने संस्था के सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।

### 10 से 15 साल पुराने डेढ़ लाख वाहन हो गए कबाड़

● आरटीओ ने ऐसे वाहन स्वामियों को भेजा नोटिस

सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ। जिले में करीब 1.5 लाख वाहन ऐसे हैं जिनकी मियाद खत्म हो चुकी है। नियमानुसार अब ये वाहन या तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर के बाहर स्थानांतरित हों या फिर स्कैप किए जाएं। आरटीओ ने वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर इनका प्रकाशन भी करा दिया, लेकिन सिर्फ10 हजार लोगों ने ही दूसरे जिलों में पंजीकरण कराने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र लिया है।

केंद्र सरकार ने 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को फिटनेस के आधार पर संचालित कराने की अनुमति दिए जाने का आदेश दिया है।

लेकिन यह प्रदेश के उन जिलों पर लागू नहीं होगा जो एनसीआर में शामिल हैं। एनसीआर में पहले से ही एनजीटी का आदेश लागू है।

इस आदेश के अनुसार 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल और सीएनजी वाहनों को एनसीआर के जिलों में नहीं चलाया जा सकता।

ऐसे वाहन स्वामी एनसीआर के बाहर के जिलों में पंजीकरण करा वहां वाहन चला सकते हैं। अगर ऐसे वाहन एनसीआर की सड़कों पर चलते मिले तो इन्हें जब्त कर कटान के लिए भेज दिया जाएगा। आरई राहुल शर्मा का कहना है कि मेरठ समेत प्रदेश भर में वाहन कबाड़ केंद्र खोले जाएंगे।

यहां पर वाहन मालिक अपने निष्प्रयोज्य वाहनों को सौंपकर प्रमाणपत्र ले सकेंगे। कबाड़ केंद्र में वाहनों की उचित कीमत दी जाएगी।

नया वाहन खरीदने पर मिलेगी 5 फीसदी छूट

कबाड़ हो चुके वाहन की कुल कीमत का छह फीसदी नकद धनराशि मिलेगी। इसके साथ ही एक प्रमाणपत्र भी मिलेगाए जिसे दिखाकर वाहन खरीद पर टैक्स में पांच फीसदी की छूट मिलेगी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक मनोज कुमार कश्यप ने इण्डियन प्रेस, 176, राजेन्द्र नगर, मेरठ उ0प्र0 से छपवाकर 277 नारंगपुर, थाना परीक्षितगढ, जिला मेरठ से प्रकाशित। सम्पादकः मनोज कुमार (किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मेरठ होगा।)

संपादकीय

# त्रासदी का दायरा

## भारतीय छात्रों की सुध लेने में देरी

आखिरकार अंतर्राष्ट्रीय जनमत को दरकिनार करके यूक्रेन पर युद्ध थोपने से रूस का साम्राज्यवादी चेहरा उजागर हो ही गया। युद्ध से उपजी त्रासदी की कितनी बड़ी कीमत मानवता को चुकानी पड़ती है, यूक्रेन के युद्धग्रस्त क्षेत्रों के हालात उसकी तस्वीर उकेर रहे हैं। इस त्रासदी का दायरा कितना व्यापक होगाय उसके आकलन में वक्त लगेगा, लेकिन दुनिया के शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल के दामों का आसमान छूना इस युद्ध के तात्कालिक परिणाम हैं। अब इस त्रासदी का दंश भारत को भी झेलना पड़ रहा है। युद्ध के चलते हजारों छात्र यूक्रेन में फंसे हुए हैं और उनके अभिभावक बेबस होकर मदद की गुहार लगा रहे हैं। निस्संदेह, इस मामले में भारत सरकार की तरफसे लेटलतीफी हुई है। यूक्रेन में पंजीकृत भारतीयों की संख्या बीस हजार बतायी जाती है, जिसमें 18 हजार छात्र हैं। करीब चार हजार लोग समय रहते देश वापस आ पाये हैं। लेकिन जो छात्र वहां रह गये हैं, वे भगवान भरोसे हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि भारत सरकार ने समय रहते युद्ध स्तर पर भारतीयों को स्वदेश लाने के प्रयास क्यों नहीं किये जबकि लगातार ऐसे संकेत मिल रहे थे कि युद्ध कभी भी छिड़ सकता है। हालांकि, पुतिन के कई भ्रामक बयान भी आते रहे कि रूस हमला नहीं करेगा। फिर रूस ने यूक्रेन के दो प्रांतों को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा देने की घोषणा की, तो भ्रम हुआ कि शायद रूस इतने से संतुष्ट हो जायेगा और युद्ध की स्थिति नहीं बनेगी। लेकिन पुतिन के मन में तो यूक्रेन को रूस में मिलाने का अंतिम खाका बन चुका था। निस्संदेह भारत सरकार स्थितियों का वास्तविक आकलन करने में चूकी है। कुछ लापरवाही छात्रों की तरफसे भी हुई। उनका कहना था कि वे देश लौटना चाहते थे, लेकिन विश्वविद्यालयों से ऑनलाइन पढ़ाई की अनुमति समय से नहीं मिल पायी, जिसके चलते वे समय रहते यूक्रेन नहीं छोड़ पाये। दरअसल, मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चे मां–बाप द्वारा कर्ज आदि लेकर भेजे जाने पर परिवार की आर्थिक चिंताओं के चलते भी यूक्रेन छोड़ने में संकोच करते रहे।

बहरहाल, जब देश में यूक्रेन में फंसे विद्यार्थियों के अभिवावकों ने दबाव बनाया और मीडिया में फंसे छात्रों की खबरें आने लगीं तो सरकार ने दबाव महसूस किया। कुछ लोगों ने अदालत में भी याचिका दायर की। अब केंद्र सरकार ने फैसला लिया कि वह छात्रों को निकालने के लिये वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है क्योंकि यूक्रेन का हवाई क्षेत्र बाधित है। अब सरकार कह रही है कि वह छात्रों को स्वदेश लाने का खर्च उठाएगी। यूक्रेन में जारी भीषण लड़ाई के बीच भारतीयों को निकालना निश्चित ही अब बड़ी चुनौती होगी। भारत सरकार की कोशिश है कि भारतीय नागरिकों को यूक्रेन की सीमा से लगते पड़ोसी देशों के जरिये निकाला जायेगा। शुक्रवार को आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीयों के लिये निकासी उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है। भारत हंगरी, पोलैंड, स्लोवाकिया और रोमानिया की यूक्रेन से लगती सीमाओं के जरिये भारतीयों को निकालने की योजना को मूर्त रूप दे रहा है। भारतीय दूतावास द्वारा भी फंसे भारतीयों के मनोबल को बढ़ाने के लिये लगातार परामर्श जारी किये जा रहे हैं। यूक्रेन में स्थित भारतीय दूतावास लगातार फंसे लोगों से संपर्क बनाये हुए है। अब सरकार कह रही है कि भारतीयों की निकासी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। भारतीय अधिकारियों की टीम हंगरी, पोलैंड, स्लोवाकिया व रोमानिया की सीमा पर तैनात की जा रही है। अधिकारियों को इन देशों की यूक्रेन से लगी सीमा पर शिविर कार्यालय स्थापित करने को कहा गया है। निस्संदेह, संकटग्रस्त देश में फंसे भारतीय बेहद मुश्किल हालात में हैं। रूसी एयर स्ट्राइक के चलते यूक्रेन में अफरा–तफरी का माहौल है, जिसके चलते सुपर मार्केटों में खाद्य सामग्री का संकट पैदा हो गया है। छात्र वहां मुश्किल से खाने–पीने की चीजों की व्यवस्था कर पा रहे हैं। जिनके पास थोड़ा–बहुत है वह कुछ ही दिन चल पायेगा। पीने के पानी का संकट है। लगभग सभी एटीएम में भारी भीड़ है या पैसे खत्म हो चुके हैं। ऐसे में भारत सरकार की तत्काल मदद ही अंतिम राहत होगी।

# ’न्युवोको ने जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट लॉन्च किया’




सर्वहित भारतसंवाददाता

मेरठ न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत में पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी और पूर्वी भारत की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी, ने पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाजारों में जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट लॉन्च किया है। जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट सॉल्वेंट फ्री 2 कम्पोनेंट एपॉक्सी ग्राउट है जो हाई कम्प्रेशन, फ्लेक्सुरल, बेहद मजबूत जोड़ शक्ति, एसिड और कोरेसिव एजेंट्स के लिए प्रतिरोधी जैसी अनूठी विशेषताएं प्रदान करता है। यह ग्राउट रेंजीडेंशियल और कमर्शियल जगहों पर उपयोग के लिए अलग अलग रंगों की एक विस्तृत श्रृंखला में उपलब्ध है। जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट के लॉन्च पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री सुनील महाजन, चीफ मॉडर्न बिल्डिंग मैटेरियल्स ऑफिसर ने कहा कि ‘जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट न्युवोको के मॉडर्न बिल्डिंग सामग्री के व्यापक कैटलॉग के लिए एक नया और महत्वपूर्ण एडीशन है। इन वैल्यू एडेड उत्पादों को बेहतरीन प्रदर्शन और लंबी अवधि तक प्रभावी बने रहना सुनिश्चित करने के लिए व्यापक शोध और विकास के बाद विकसित किया गया है। ये एपॉक्सी ग्राउट बैक्टीरिया, फंगस और कैमिकल्स आदि को लेकर उच्च प्रतिरोध के साथ, इंडस्ट्री में बेस्ट कैटेगरी उत्पाद के तौर एक अलग पहचान बनाने की क्षमता रखता है।’ जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट एक फिलर पाउडर के साथ संयुक्त एपॉक्सी रेजिन से बना है। यह न केवल लगाने में आसान है बल्कि पूरी तरह से जल प्रतिरोधी और रंग में एक समान है। यह कैमिकल एसिड्स, सॉल्वैंट्स और दाग–धब्बों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए एक बेहतरीन प्रतिरोध भी बनाए रखता है। सीमेंट, पॉलिमर, फिलर्स और विशेष एडिटिव्स से युक्त रेडी–टू–यूज टाइल ग्राउट, लंबे समय तक चलने वाले टाइल जोड़ों को बनाने के लिए 20 मिमी तक टाइल जोड़ों को भरने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला संयुक्त भराव प्रदान करता है। यह रसोई, बाथरूम, स्विमिंग पूल, छतों और बालकनियों, फूड प्रोसेसिंग प्लांट्स, डेयरीज और प्रयोगशालाओं और अधिक यातायात वाले क्षेत्रों के लिए उपयोगी 5 किलो के डिब्बे में उपलब्ध है।

## इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में दो दिवसीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

इस्माईल नेशनल महिला पी.जी. कालिज में संगीत विभाग द्वारा दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत (गायन, तबला, सितार) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें संगीत विभाग की बीए. तथा एम.ए. के लगभग 56 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी, संगीत विभागाध्यक्ष डा. रीना गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डा. रीना गुप्ता रहीं। मंच संचालन डा. गरिमा, पूजा शर्मा ने किया। निर्णायक मंडल में डा. श्वेता, कु. लक्ष्मी रहीं। संगीत श्री रविशंकर व धर्मेर्श ने किया। छात्राओं ने राग में –सोहनी, शुद्ध कल्याण, यमन, ताल में तीनताल, झपताल, रूद्रताल व एकताल की प्रस्तुति दी।सितार, तबला, गायन में प्रथम अरसी, इलमा, पुष्पा, दीपा कोमल, द्वितीय वन्दना, वतिका, प्रिया सैनी, सादिया, नेहा एवं तृतीय तरन्नुम, अमरीन, तहरीन, अजीना, नायला रहीं।

## ग्रीन टेक्नोलॉजी में इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्निक वक्त की जरूरत

# टीएमयू में रिसर्च ट्रेंडस इन ग्रीन एसपेक्ट्स आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी-आरटीजीएएसटी पर दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आगाज

- धरा पुरखों की अमानत, इसे रखें पॉल्यूशन फ्री: वाइस चांसलर
- मुख्य वक्ता ग्रीन सिंथेसिस टेक्निक-केमिकल डॉकिंग पर भी बोले
- कॉन्फ्रेंस युवाओं के लिए साबित होगा एक बेहतर प्लेटफॉर्म: रजिस्ट्रार
- प्रो. आरके द्विवेदी ने सस्टेनेबल डवलपमेंट पर डाला प्रकाश
- डॉ. दीपक पंत ने नए यौगिकों के संश्लेषण पर डाली रोशनी
- देश- विदेश के 150 से ज्यादा लोगों ने किया प्रतिभाग
- बीस प्रस्तुत किए गए ओरल एंड पोस्टर प्रजेंटेशन भी



श्याम सुंदर भाटिया



रिसर्च टेस्टिंग एंड केलिब्रेशन लेबोरेट्री–आरटीसीएल के महा प्रबंधक डॉ. आरके शर्मा ने कहा, मानव जीवन के दिन की शुरूआत ही केमिस्ट्री से होती है। उन्होंने केमिस्ट्री को मानव जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा, धरा की सेहत को संजीदगी से लेना होगा। ऐसे में इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्निक वक्त की जरूरत है। उन्होंने कॉन्फ्रेंस में प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए कहा कि युवा अपनी स्टडी के साथ–साथ सैद्धांतिक सोच भी विकसित करें, ताकि पर्यावरण प्रदूषण के निराकरण पर एक ठोस रणनीति बन सके। डॉ. शर्मा ने रिसर्च टेस्टिंग एंड केलिब्रेशन लेबोरेट्री–आरटीसीएल में उपलब्ध सहूलियतों का उल्लेख करते हुए टीएमयू के स्टुडेंट्स को आरटीसीएल में आने का आमंत्रण भी दिया ताकि वह अपनी प्रायोगिक दक्षता बढ़ा सकें। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड कम्प्यूटिंग साइंसेज–एफओईसीएस के रसायन विभाग की ओर से हरित प्रौद्योगिकी–रिसर्च ट्रेंडस इन ग्रीन एसपेक्ट्स ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी–आरटीजीएएसटी पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कॉन्फ्रेंस की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन और वंदना के साथ हुई। इस मौके पर टीएमयू के कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, एफओईसीएस के निदेशक एवम् कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर डॉ. आरके द्विवेदी, केमिस्ट्री विभाग के एचओडी डॉ. गजेंद्र चौहान, कन्वीनर डॉ. आसीम अहमद, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. सौविक सुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन हुआ। कॉन्फ्रेंस के दौरान बीस ओरल एंड पोस्टर प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए। नॉर्टन थोरासिस इंस्टीट्यूट फॉनिक्स, यूएसए की डॉ. संध्या बंसल भी वर्चुअली मौजूद रहीं।

कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह ने कहा कि यह धरा हमारे पुरखों से हमें एक विरासत के रूप में मिली है। इसे स्वच्छ और पॉल्यूशन फ्री रखें ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकें। प्रो. सिंह ने कहा कि मौजूदा वक्त किसी एक विषय में महारत हासिल करने का नहीं, बल्कि संबंधित और सब्जेक्ट्स का भी ज्ञान होना आवश्यक है।

इसी के मद्देनजर उन्होंने साइंस एंड टेक्नोलॉजी में केमिस्ट्री के महत्व पर प्रकाश डाला। सीडीआरआई, लखनऊ के भूतपूर्व वैज्ञानिक डॉ. एके सक्सेना बतौर मुख्य वक्ता बोले, ग्रीन सिंथेसिस टेक्निक में केमिकल डॉकिंग आज कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। नए ड्रग्स के सिंथेसिस और डिजाइनिंग में केमिकल डॉकिंग प्रक्रिया से कम्प्यूटर मॉडलिंग के जरिए किसी विशेष बीमारी के लिए जिम्मेदार वायरस या बैक्टीरिया के टारगेट प्रोटीन की पहचान की जाती है। इससे नए ड्रग के सिंथेसिस में समय और ऊर्जा की बचत होती है। साथ ही विषैले रासायनिक पदार्थों के उत्सर्जन को कम किया जाता है। रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने उम्मीद जताई है, यह कॉन्फ्रेंस युवाओं को एक बेहतर प्लेटफॉर्म देगी। इन दो दिनो में विशेषज्ञों के अनुभवों को वे आत्मसात करें ताकि एक बेहतर कल का निर्माण हो सके। कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर प्रो. आरके द्विवेदी ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए सस्टेनेबल डवलपमेंट पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन के लिए पूरी ऑर्गेनाइजिंग टीम को बधाई दी।

ब्लेंडेड मोड में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश– विदेश के 150 से ज्यादा लोगों ने प्रतिभाग किया। कॉन्फ्रेंस में सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश से डॉ. दीपक पंत बतौर कीनोट स्पीकर वर्चुअली उपस्थित रहे।

डॉ. पंत ने ग्रीन केमिस्ट्री के मद्देनजर नए यौगिकों के संश्लेषण पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही युवाओं को प्रोत्साहित किया कि नए यौगिकों के सिंथेसिस के दौरान यह ध्यान रखा जाए कि विषैले पदार्थों का उत्सर्जन कम हो। कॉन्फ्रेंस में फॉर्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग वर्मा, डॉ. कृष्ण अवतार गुप्ता, डॉ. वरुण सिंह, डॉ. नवनीत कुमार, डॉ. एमके चीनी, प्रोक्टर श्री राहुल विश्नोई, प्रो. एसपी पाण्डे, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. अजीत चौहान, डॉ. जरीन फारुख आदि की भी मौजूदगी रही।

# पशुपालन की स्वरोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका



डॉ0 सत्यवान सौरभ



**हाल ही में हरियाणा के कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने किसानों और खासकर पशुपालकों के लिए विश्वभर की पहली पशु किसान क्रेडिट योजना को शुरू किया है**

कसानों की आमदनी दोगुनी करने के मकसद से किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर पशुधन क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है। इस योजना में किसानों को बहुत कम ब्याज दर पर लोन दिया जा रहा है। इसकी खासियत यह है कि पशुपालकों को बिना किसी गारंटी के 1 लाख 60 हजार रुपये का ऋण मिलेगा।

कोरोना संकट के कारण बाहरी प्रदेशों से बहुत से लोग वापस आए हैं और उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाना देश के सामने बड़ी चुनौती है ऐसे में पशु पालन स्वरोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रोत्साहन पैकेज के अनुकूल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 15,000 करोड़ रुपये के पशुपालन बुनियादी ढांचा विकास फंड (एएचआईडीएफ) की स्थापना के लिए अपनी मंजूरी भी दी थी। डेयरी सेक्टर के लिए पशुपालन आधारभूत संरचना विकास निधि के तहत 15,000 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। डेयरी क्षेत्र में प्रोसेसिंग मे प्राइवेट इन्वेस्टर्स को बढ़ावा दिया जा रहा है । डेयरी प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और मवेशियों के चारे के लिए के बुनियादी ढांचे में निजी निवेशकों को जगह दी जाएगी। पशुपालन में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए 15,000 करोड़ रुपए का एनीमल हसबेंडरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड जारी किया गया है।

पशुपालन में गाय–भैंस के साथ ही इसका कार्यक्षेत्र बहुत ही विस्तृत है। मुर्गी पालन और यहां तक कि मत्स्य पालन भी पशुपालन के ही दायरे में आते हैं। इस क्षेत्र की खास विशेषता यह है कि इसमें कम लागत में भी काम शुरू कर के बड़े स्तर का कारोबार खड़ा किया जा सकता है। स्वरोजगार के तौर पर युवा इस क्षेत्र को चुनकर अपना भविष्य संवार सकते है। कोरोना महामारी के कारण युवा अपने गाँव वापस लौटे हैं। लौटने वालों में अधिकांश 25 से 40 साल की आयु वर्ग के हैं। इनमें से भी कम से कम 30 प्रतिशत प्रवासी वापस न जा कर यहीं अपने प्रदेश में रहना चाहते हैं। यद्यपि उनकी आजीविका गाँवों में ही सुनिश्चित करने के लिये उन पर कोई भी व्यवसाय थोपना तो उचित नहीं मगर उनके समक्ष पशुपालन का एक विकल्प अवश्य ही रखा जा सकता है। इसके लिये उन्हें भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत दिये जा रहे प्रोत्साहनों एवं सहूलियतों से अवगत कराये जाने की जरूरत है।

पशुधन विकास के लिये वित्त पोषण की जिम्मेदारी सरकार द्वारा ली गयी है। इसमें रिस्क मैनेजमेंट इंश्यौरेंस के नाम से पशुधन बीमा योजना भी शुरू की गयी है। इसका उद्देश्य पशुपालकों को पशुओं की मृत्यु के कारण हुये नुकसान से सुरक्षा उपलब्ध कराना है। इस बीमा योजना में पशुपालक को गौवंशीय, भैंस, घोड़े, गधे, खच्चर, ऊंट, भेड़, बकरी, सुकर, एवं खरगोश को बीमित करने की व्यवस्था है। मिशन के तहत बकरी एवं भेड़ पालन एवं मुर्गी पालन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसमें पशुपालन के लिए सब्सिडी का भी प्रावधान है।

केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ–साथ अलग राज्य सरकारें इस दिशा में काफी रूचि से काम कर रही है हाल ही में हरियाणा के कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने किसानों और खासकर पशुपालकों के लिए विश्वभर की पहली पशु किसान क्रेडिट योजना को शुरू किया है। 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने के मकसद से किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर पशुधन क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है। इस योजना में किसानों को बहुत कम ब्याज दर पर लोन दिया जा रहा है। इसकी खासियत यह है कि पशुपालकों को बिना किसी गारंटी के 1 लाख 60 हजार रुपये का ऋण मिलेगा। हालांकि ऋण लेने के इच्छुक पशुपालक ने पहले ऋण न लिया हो तो उन्हें बस पशु पालन विभाग के अधिकारियों से सत्यापित पत्र पर ही ऋण मिल जाएगा। इससे पहले किसान क्रेडिट कार्ड योजना ही चल रही है। इसके किसानों को अपनी जमीन बैंक के नाम करवाने के बाद ही ऋण मिलता है। जबकि पशु क्रेडिट योजना में ऐसा नहीं है। 1 लाख 60 हजार रुपये तक ऋण लेते समय उन्हें सिर्फपशुपालन एवं डेयरिग विभाग के उपनिदेशक का सत्यापित पत्र देना होगा। इससे पहले किसान को अपने पशु का बीमा भी करवाना होगा। उसके लिए मात्र 100 रुपये देने होंगे।

यह लोन पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए दिया जा रहा है. इस योजना के तहत मछली पालन, मुर्गी पालन, भेड़–बकरी पालन, गाय–भैंस पालन के लिए किसानों को कर्ज दिया जाता है. किसानों को इस योजना के तहत 7 फीसदी की ब्याज दर पर लोन दिया जाता है. इसमें तीन फीसदी केंद्र सरकार सब्सिडी देती है और शेष 4 फीसदी ब्याज पर हरियाणा सरकार छूट दे रही है. इस तरह इस योजना के तहत लिया गया लोन बिना ब्याज का होगा. पशु क्रेडिट कार्ड योजना का फायदा हरियाणा के सभी पशुपालक उठा सकते हैं. इसके अतिरिक्त हरियाणा में गाय की देसी नस्ल (हरियाणा एवं साहीवाल) को बढावा देने हेतू दुग्ध प्रतियोगिता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन प्रत्येक ग्राम के स्तर पर किया जाता है जिसमें पशुपालकों को प्रोत्साहन राशि निम्नलिखित अनुसार वितरित की जाती है। इसके अतिरिक्त इन नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतू मिनी डेयरी योजना के तहत पशुपालकों को तीन या पांच दुधारू गायों की खरीद पर सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान राशि भी दी जाती है।

मुर्राह भैस, जो भारत में भैसों की सबसे उत्तम नस्ल है तथा हरियाणा राज्य इसका मूल स्थान है व इसे काला सोना का नाम दिया गया है, इसलिए हरियाणा प्रदेश के पशुपालकों को उत्तम मुर्राह दुधारू भैंस पालने की प्रवृत्ति को बढावा देने हेतू दुग्ध प्रतियोगिता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है । यह आयोजन प्रत्यक ग्राम के स्तर पर किया जाता है जिसमें पशुपालकों को प्रोत्साहन राशि निम्नलिखित अनुसार वितरित की जाती है ।

इस दुग्ध प्रतियोगिता में शामिल उच्च कोटि की भैसों से प्राप्त एक वर्ष के कटड़ों को विभाग अच्छी कीमत (राशि 20,000 से 30,000/ रू0) तथा इससे भी अधिक कीमत पर पशुपालकों से खरीद कर राजकीय कटड़ा फार्म, हिसार में रखा जाता है और बाद में इच्छुक ग्राम पंचायतों को न्यूनतम मूल्य पर दिया जाता है ।50 दुधारू पशुओं की हाईटेक डेयरी योजना योजना के तहत 50 दुधारू पशुओं की हाईटेक डेयरी बैंक के माध्यम से लोन स्वीकृत होने उपरान्त स्थापित करवाई जाती है तथा इस योजना के तहत स्वीकृत ऋण के 75 प्रतिशत राशि लगने वाला ब्याज विभाग द्वारा लाभार्थी को प्रदान किया जाता है। 3/5/10 दुधारू पशुओं की मिनी डेयरी योजना के अंतर्गत शहरीध् ग्रामीण शिक्षित बेरोजगार युवकध् युवतियों को बैंकों के माध्यम से ऋण दिलवाकर स्वरोजगार उपलब्ध करवाना तथा आर्थिक रूप से पिछड़े गरीब परिवारों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध करवाना है ।इस योजना के तहत लाभार्थी को 25 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है।

इसी तरह भेड़/ बकरी युनिट दुधाः पशुओं की मिनी डेयरी योजना स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों को 20 भेड़ध्बकरी व एक नर खरीदने के लिए एक लाख रूपए का ऋण 50 प्रतिशत अनुदान पर दिलवाया जाता है ।इसके अतिरिक्त दुधाः पशुओं की ईकाई स्थापित करवाई जाती है जिस पर लाभार्थी को 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। हरियाणा राज्य की तरह देश भर में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए नयी योजनाओं के माध्यम से पशपालकों को आर्थिक तौर पर सहायता की मुहीम चल रही ह। बेरोजगार युवाओं को इसमें अपनी किस्मत अपनानी चाहिए सरकार पशुपालन गतिविधियों को स्वरोजगार के उत्तम साधन के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दे रही है। पशुपालन ऐसा ही एक क्षेत्र है। जिसे आज शहरों के पढ़े–लिखे बेरोजगार युवक भी अपना कर मोटी कमाई कर रहे हैं। आज यह एक अलग व्यवसाय का रूप ले चुका है और इसे न सिर्फग्रामीण क्षेत्रों में बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी बेहतर कारोबार के तौर पर अपनाया जा रहा है।

## भारतीय छात्रों ने सुरक्षित वापसी के लिए सरकार से लगाई गुहार

# यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं के लिऐ सुख और शांति के लिए हवन किया



ऋषिकेश। गंगा आरती ट्रस्ट द्वारा महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती पूर्णानंद घाट में महिलाओं ने पूजन–अर्चना कर रूस और यूक्रेन हमले को लेकर माहौल काफी तनावपूर्ण को निजात दिलाने की प्रार्थना की। सभी ने पूजा–पाठ, स्तुति, अर्चना करते हुए गंगा मैया से यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीय छात्र–छात्राओं को यूक्रेन से सकुशल वापस हो, शक्ति दें और स्वस्थ रखें ये कामना की साथ ही महिला साधकों ने हवन कर आहुतियां दी। रूस और यूक्रेन हमले निदान की कामना करते हुए श्रद्धालुओं ने महामृत्युजय मंत्र और गायत्री मंत्र का जाप किया।

शांति जी ने कहा कि भारत सरकार व हमारे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि हमारी सरकार पूरी नजर बनाकर रखे हुए है। सरकार को भारतीयों की पूरी चिंता है और भारत सरकार के पास पूरे आंकड़े हैं। उनकी वापसी के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं सरकार को अपने नागरिकों की पूरी चिंता है।

शांति ने कहा कि भारत सरकार और राजनाथ सिंह रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राजनीतिक व सैन्य अधिकारियों से संपर्क बना रखा है उनके अच्छे प्रयास के लिए उनको बहुत–बहुत साधुवाद।

भारतीय छात्रों को सरकार से उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपील की व नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

और कहा कि ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट दोनों देशों के बीच शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि दोनों ही देशों के तरफसे युद्ध को बढ़ावा देने वाली कोई स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए।

मुख्य रूप से महिला गंगा आरती में गंग सबलाओं आचार्य अभिनव पोखरियाल डायरेक्टर नमामि गंगे स्पिरिचुअल,आचार्य विजेंद्र गॉड प्रीति अग्रवाल, अनीता जी, सरिता जी ने गंगा आरती में विशेष भूमिका अदा की।

## हाथी की टक्कर से मंदिर के पुजारी की मौत



अजीत राणा / सर्वहित भारत

कालागढ़ (बिजनौर) ।नई कॉलोनी में नूनगढ़ मंदिर के पुजारी की हाथी की टक्कर से मौत हो गई। वन विभाग ने मामले की जांच कर विभाग के नियमों के अनुसार कार्रवाई करने की बात कही है।

कार और बाइक पर लेटेस्ट पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जाएगा।

घटनाक्रम के अनुसार नई कालोनी निवासी सुरेश (45) नूनगढ़ मंदिर में पुजारी था। सुरेश के बड़े भाई कल्लू के अनुसार बृहस्पतिवार को सुरेश अपने साथी पवन के साथ पुराना कालागढ़ गया था। वहां से लौटते समय नई कॉलोनी में गौरी शंकर मंदिर के निकट पहुंचे तो सुरेश लघुशंका के लिए बाइक से उतरा तभी झाड़ियों से निकलकर एक हाथी दौड़ता हुआ आया। सुरेश को हाथी की टक्कर लग गई। घायल सुरेश को निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। उपचार के बाद सुरेश को घर ले आए। रात्रि में उसकी मृत्यु हो गई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी, आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह, शंकर सिंघल व स्थानीय नागरिकों ने वन विभाग से परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने व आबादी क्षेत्र में वन्यजीवों को आने से रोकने की मांग की है। पुजारी की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में नागरिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोटद्वार भेजा जा रहा है।

**मामले की जांच कर सहायता का भरोसा दिलाया**

कालागढ़ के वन क्षेत्राधिकारी आरके भट्ट का कहना है कि इस मामले में बीट प्रभारी से रिपोर्ट मांगी जा रही है। कल्लू सिंह के पुत्र बिजेंद्र सिंह की ओर से तहरीर मिली है। जिस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मौके पर पहुंचकर वन क्षेत्राधिकारी ने मृतक के परिवार को तात्कालिक दस हजार रुपये की सहायता देने की बात कही।

## हरिद्वार मार्ग पर बढ़ी यात्रियों की भीड़, बसों की संख्या बढ़ाई



अजीत राणा / सर्वहित भारत

बिजनौर। महाशिवरात्रि के मौके पर हरिद्वार जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। जिसके चलते बिजनौर डिपो से हरिद्वार मार्ग पर बसों की संख्या बढ़ा दी गई है ।पहले पांच बसें चलाई जा रही थीं। अब भीड़ बढ़ जाने से बसों की संख्या बढ़ाकर 15 कर दी गई है।

चुनाव में बसें जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजनौर डिपो से प्रत्येक रूट पर जाने वाली बसों की संख्या घट गई है। जिससे यात्रियों को घंटों तक रोडवेज पर इंतजार करना पड़ रहा है। हरिद्वार मार्ग पर भी पांच बसें संचालित की जा रही थीं। महाशिवरात्रि से पहले लोगों ने हरिद्वार जाना शुरू कर दिया है। जिसकी वजह से हरिद्वार मार्ग पर बसों की संख्या बढ़ाकर 15 कर दी है। हरिद्वार मार्ग के लिए दूसरे रूटों की बसें भी लगाई गई हैं। क्योंकि महाशिवरात्रि पर कांवड़ लेने के लिए शिवभक्त हरिद्वार जाने लगे हैं।

डिपो पर इस समय हरिद्वार जाने वाले यात्रियों की ज्यादा भीड़ हो रही है। भीड़ को कम करने के लिए डिपो से हरिद्वार मार्ग पर बसों की संख्या बढ़ा दी है। धामपुर, चांदपुर रूट की कुछ बसें भी हरिद्वार मार्ग पर चलाई जा रही हैं। डिपो इंचार्ज कुसुमलता ने बताया कि महाशिवरात्रि की वजह से हरिद्वार जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए हरिद्वार मार्ग पर बसों का संचालन बढ़ा दिया है। इसके साथ ही डिपो से भीड़ को कम करने की कोशिश की जा रही है।

## बसंती की इज्जत का सवाल है जिताना जरूर: हेमा मालिनी



रामअवतार राणा / सर्वहित भारत

उत्तर प्रदेश मथुरा की भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी ने शुक्रवार को बलिया नगर सीट से बीजेपी उम्मीदवार दयाशंकर सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने अपनी सुपरहिट फिल्म शोले के डायलॉग- श्चल धन्नोश् का जिक्र किया। कहा, बलिया से दयाशंकर को जिताना है। तो मौजूद भीड़ ताली बजाने लगी। इतने वोटों से जिताना कि उसकी गूंज मुंबई तक सुनाई दे।

हेमा मालिनी ने कहा, यूक्रेन-रूस युद्ध में पूरे विश्व के नेता पीएम मोदी से निवेदन कर रहे हैं कि आप बीच में पड़ कर युद्ध को खत्म करें ।हेमा मालिनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का विकास किया है। पहले विदेश के लोग यूपी आने से डरते थे। भाजपा की सरकार ने हालात को बदल दिया है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि अब बड़ी-बड़ी कम्पनियां निवेश कर रही हैं। प्रदेश के कलाकारों के लिए फिल्म सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। हर घर में शौचालय व हर परिवार को राशन भाजपा सरकार उपलब्ध करा रही है। हेमा ने प्रदेश में एक बार बीजेपी की सरकार बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की ।सांसद विरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि संसद में हेमा मालिनी बेबाकी से अपना पक्ष रखती हैं। बलिया नगर सीट पर पार्टी प्रत्याशी दयाशंकर की जीत का आप सभी लोग आशीर्वाद दें। वहीं, दयाशंकर सिंह ने कहा कि सपा प्रत्याशी कभी नगर विकास राज्यमंत्री थे। उन्होंने सीवर के नाम पर पैसे की लूट की। उन्होंने कहा कि जीत के बाद बलिया शहर में मुम्बई की तरह जुहू चौपाटी बनाया जाएगा। इसका उद्घाटन हेमा मालिनी करेंगी। जनसभा का संचालन संजय मिश्र ने किया।

# ड्रोन टैक्नोलॉजी से कृषि की होगी उन्नत: प्रो0 संगीता शुक्ला

### साइंस वीक फेस्टिवल का चौथा दिन

सर्वहित भारत संवाददाता



मेरठ। खेती-किसानी में कृषि ड्रोन के उपयोग से कई फायदे हो सकते है। बेहतर फसल उत्पादन के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है। इससे सिंचाई योजना, फसल स्वास्थ्य की निगरानी, मिट्टी की गुणवत्ता की जानकारी, कीटनाशकों के छिड़काव आदि में मदद मिल सकती है। ड्रोन के उपयोग से किसानों को उनकी फसलों के बारे में नियमित रूप से सटीक जानकारी मिल सकती है, जिससे उन्हें निर्णय लेने में आसानी हो सकती है। साथ ही, समय और संसाधन की बर्बादी को रोका जा सकता है। यह बात साइंस वीक फेस्टिवल के चौथे दिन आयोजित कार्यक्रम के दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला ने कही।

उन्होंने कहा कि ड्रोन के उपयोग से चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों, संक्रमित क्षेत्रों, लंबी फसलों और बिजली लाइनों के नीचे कीटनाशकों का छिड़काव किया जा सकता है। ड्रोन सटीक डाटा प्रोसेसिंग के साथ सर्वेक्षण करता है, जिससे किसानों को तेजी से और सटीक निर्णय लेने में मदद मिलती है। ड्रोन द्वारा एकत्रित किए गए डाटा की मदद से समस्याग्रस्त क्षेत्रों, संक्रमितध्अस्वस्थ फसलों, नमी के स्तर आदि पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। कृषि ड्रोन उर्वरक, पानी, बीज और कीटनाशकों जैसे सभी संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में सक्षम बनाता है।

केंचुआ खाद निर्माण से कचरा पदार्थों के निरापद प्रबंधन, पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम, पर्यावरण सुधार तथा पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलती है। यह जैविक कृषि का प्रमुख आधार है तथा मानव समाज के स्थिर और चहुंमुखी (कृषि, पर्यावरणीय, आर्थिक - सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीकी) विकास में सहायक है। यह बात प्रो0 ओमप्रकाश अग्रवाल पूर्व कुलपति जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर ने जैविक खाद और केचुआ खाद के क्षेत्र में नवाचार के अवसर और चुनौतियां विषय पर बोलते हुए कही।

प्रो0 ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि वर्मिकम्पोस्टिंग इकाइयों द्वारा कृषक और पशुपालक अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं, बेरोजगार स्वरोजगार के रूप में अपना सकते हैं, महिलाएं इसे हॉबी के रूप में अपनी फुलवाड़ी और किचिन गार्डन के लिए कचरे से खाद बना सकती हैं, वरिष्ठ नागरिक अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं और छात्र छात्राएं कुछ नया और पर्यावरण मैत्रिक सीखने हेतु इसमें रुचि ले सकते हैं। केंचुआ खाद के क्षेत्र में लघु उद्योग, उद्यमिता, स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप कार्यक्रम भी संचालित किए जा सकते हैं। गरीब और पिछड़े वर्ग के पुरुषध्महिलाएं स्व सहायता समूह बना कर अथवा मनरेगा कार्यक्रम के अन्तर्गत इसमें कार्य दिया जा सकता है।

वर्मी कंपोस्ट के अलावा प्रो0 ओमप्रकाश अग्रवाल ने मधुमक्खी पालन और मधुमक्खी मे मूल्यवर्धक उत्पादनों तथा विश्व के सर्वोत्तम योजना स्विरूलीना के विशिष्ट प्रोडक्ट विकास के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि इनका इस्तेमाल करने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बीमारियों से बचाव होता है और उनके इलाज में मदद मिलती है।

विज्ञान प्रसार द्वारा प्रायोजित चल रहे साइंस 1 मैं चौथे दिन रसायन विज्ञान विभाग तथा डॉक्सोलॉजी विभाग ने इवेंशन एंड इन्नोवेशन स्वदेशी पारंपरिक थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया इस कार्यक्रम में प्रोफेसर धर्मेंद्र सिंह डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग आईआईटी रुड़की से साइंस टेक एंड इनोवेशन फॉर सेल्फ रिलायंस विषय पर व्याख्यान दिया इन्होंने कृषि तथा मौसम विभाग में नई तकनीक के इस्तेमाल के बारे में बताया डॉक्टर मीनू गुप्ता हेड एसोसिएट प्रोफेसर आरजीपीजी कॉलेज चिकित्सकीय पौधों के उपयोग व उनके संरक्षण के बारे में बताया इसी श्रंखला में श्री गिरीश शुक्ला जी ने पौधों के द्वारा संरक्षण व पौधों की महत्ता के बारे में बताया इस कार्यक्रम के अंतर्गत इनोवेशन थीम पर विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा वर्किंग नॉन वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया गया विजेता छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम के अंत में विज्ञान प्रसार द्वारा उपलब्ध कराई गई इस साइंस फॉर चेंज प्रॉब्लम्स इन विलेज नामक वीडियो का प्रसारण किया गया इस कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई विमला प्रोफेसर शैलेंद्र शर्मा प्रोफेसर मुकेश शर्मा प्रोफेसर संजीव शर्मा प्रोफेसर एके चौबे डॉ नाजिया तरन्नुम डॉक्टर निखिल कुमार डॉक्टर मीनू तेवतिया डॉ राजीव अग्रवाल डॉ प्रियंका कक्कड़ डॉ मनीषा भारद्वाज डॉ सरु कुमारी डॉ प्रदीप चौधरी डॉक्टर पूजा डॉक्टर सत्येंद्र आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई स्कूलों में अब संस्कृत और अंग्रेजी बोलना भी सीखेंगे छात्र, ऐसी है तैयारी

कँवरपाल सिंह / सर्वहित भारत



मेरठ, सीबीएसई की ओर से नई शिक्षा नीति को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के क्रम में नौवीं-10वीं के छात्रों को एक और सुविधा प्रदान की है। सीबीएसई स्कूलों में अब छात्र संस्कृत और अंग्रेजी बोलना स्कूल में ही सीख सकेंगे ।सीबीएसई ने सत्र 2022-23 से ही नौवीं व 10वीं में कम्यूनिकेटिव संस्कृत व कम्यूनिकेटिव अंग्रेजी विषय को शामिल किया है। अब छात्र इंग्लिश लैंग्वेज एवं लिटरेचर के अलावा कम्यूनिकेटिव इंग्लिश का चयन कर सकेंगे। वहीं बोलचाल की संस्कृत भाषा सीखने के इच्छुक छात्र कम्यूनिकेटव संस्कृत पढ़ सकेंगे ।बोलचाल की गतिविधियों को प्रमुखता सीबीएसई स्कूलों में कुछ साल पहले तक कम्यूनिकेटिव इंग्लिश और इंग्लिश कोर विषय था लेकिन इंग्लिश लैंग्वेज और लिटरेचर करने के बाद कम्यूनिकेटिव इंग्लिश को हटा दिया गया था। इसमें छात्रों को मजबूरी में अधिक चौप्टर पढने पड़ते थे। उनके पास कोई विकल्प नहीं था। अब कम्यूनिकेटव इंग्लिश के तौर पर विकल्प रहने से छात्र इस विषय को चुन सकेंगे। इसमें छात्रों की जरूरत के अनुरूप अधिक बोलचाल से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी।

**संस्कृत के प्रति रुझान बढने की आशा**

देश में संस्कृत के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए सीबीएसई ने कम्यूनिकेटिव संस्कृत विषय भी शामिल किया है। इसमें छात्रों को संस्कृत की रोजमर्रा के जीवन में बोलचाल की भाषा में प्रयोग करने की सीख मिलेगी। देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा आनलाइन भी संस्कृत बोलना सिखाया जा रहा है जिसमें युवा पीढ़ी का रुझान काफी अच्छा देखने को मिला है।

**अंग्रेजी में संवाद होगा सरल**

मेरठ पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष उर्मीत कौर के अनुसार वर्तमान अंग्रेजी विषय में बहुत अच्छा अंक पाने वाले बच्चे भी ठीक से अंग्रेजी बोल नहीं पाते हैं। ऐसे में छात्रों की जरूरतों को पूरा करने वाले कम्यूनिकेटिव अंग्रेजी से छात्रों को अंग्रेजी बोलना व आसान इस्तेमाल में मदद मिलेगी। ऐसा होने पर अधिक से अधिक छात्र कम्यूनिकेटिव अंग्रेजी को ही चुनना पसंद करेंगे। यह भी संभव है कि इस विषय को पढने वाले छात्रों की संख्या बढ़ जाए।

# मेरठ की टॉपर फेसबुक कर्मचारी की अमेरिका में संदिग्ध हालात में मौत, पति पर हत्या का आरोप

सर्वहित भारत संवाददाता





मेरठ। जिले की टॉपर रही मेडिकल थाना क्षेत्र निवासी फेसबुक की कर्मचारी की अमेरिका में संदिग्ध हालात में घर में जलकर मौत हो गई। युवती की मां ने ट्विटर में कर्मचारी अपने दामाद पर अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। बुजुर्ग महिला का कहना है कि वह इस मामले में कई बार थाने के चक्कर काट चुकी है। लेकिन पुलिस इसे दूसरे देश का मामला बताकर अपना पिंड छुड़ा रही है। वहीं, एसएसपी ने इस पूरे प्रकरण में 24 घंटे में कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

अजंता कॉलोनी निवासी कल्पना के मुताबिक उनकी बेटी अंशु महेश्वरी डीएमए की स्टूडेंट थी, जो अपने कॉलेज की टॉपर थी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग के बाद अंशु की अमेरिका में फेसबुक में जॉब लगी थी। कल्पना ने बताया कि 27 नवंबर 2020 को अंशु की शादी मूल रूप से नागपुर निवासी सुमित बिनानी से हुई थी। सुमित भी ट्विटर में ही काम करता था और अमेरिका में रह रहा था। आरोप है कि इसके बाद से ही सुमित और उसका परिवार लगातार अंशु को प्रताड़ित कर रहे थे। कल्पना ने बताया कि बीती नौ फरवरी को सुमित के परिवार वालों ने उन्हें फोन करके जानकारी दी कि अमेरिका में उनके घर में आग लगने से जलकर उनकी बेटी अंशु की मौत हो गई है। जिसके बाद अंशु के ससुराल वालों ने अमेरिका में ही उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ब्रहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंची कल्पना ने आरोप लगाया कि अंशु के पति सुमित ने ही साजिशन घर में आग लगाकर उनकी बेटी की हत्या की है। क्योंकि अंशु की मौत के बाद फेसबुक द्वारा उसके नॉमिनी को 30 करोड़ की रकम दी जानी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि लाख कहने के बावजूद अंशु के ससुराल वाले उन्हें उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं भेज रहे हैं। वहीं, वह अपनी बेटी की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कई बार मेडिकल थाने के चक्कर काट चुकी हैं। लेकिन मेडिकल पुलिस इसे दूसरे देश का मामला बताकर उन्हें वापस भेज देती है। पूरा मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने 24 घंटे में जांच करते हुए कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# डफरिन अस्पताल में तनाव मुक्ति केंद्र शुरू मरीजों, तीमारदारों व स्वास्थ्य कर्मियों को मिलेगी तनाव से मुक्ति

मेरठ, ।स्वास्थ्य कर्मियों, मरीजों व तीमारदारों को तनाव से मुक्ति दिलाने के लिये जिला महिला डफरिन अस्पताल में तनाव मुक्ति केंद्र शुरू किया गया है। किसी भी सरकारी अस्पताल में यह पहला केन्द्र बनाया गया है। अपनों के उपचार के दौरान तनाव में रहने वाले लोगों के लिए यह केन्द्र वरदान साबित होगा। डफरिन अस्पताल की प्रबंधक नुपुर ने बताया- तनाव मुक्ति केन्द्र में तीमारदारों के लिए कई विशेष सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। अस्पताल में भर्ती अपने करीबियों को लेकर तनाव रहने वालों के लिए यह केन्द्र काफी राहत वाला साबित होगा।

केन्द्र में तीमारदार अपने-अपने धर्म के अनुसार प्रार्थना भी कर सकेंगे। योग विशेषज्ञों का कहना है कि ध्यान योग व प्रार्थना मन मस्तिष्क व शरीर को तनाव मुक्त करने का सबसे बेहतर साधन है। केन्द्र के कक्ष को तैयार करने के लिए रंगों और आसपास के माहौल का चयन मेडिटेशन थीम पर किया गया है। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कक्ष में ऐसे रंगों का इस्तेमाल किया गया है जो मन मस्तिष्क को शांति प्रदान करेंगे। कक्ष की साज सज्जा पर भी पूरा ध्यान गया है। यहां हरे भरे पौधे और हस्त निर्मित गमलों के जरिए माहौल को सुकुन भरा बनाने के हर संभव प्रयास किये गये हैं।

शतरंज,कैरम, लूडो की भी रहेगी व्यवस्था तनाव को दूर करने के लिये ध्यान व योग के अलावा खेलों को भी शामिल किया गया है। ऐसे खेल जो इनडोर खेले जा सकते हैं, उनकी व्यवस्था कक्ष में की गयी है। शतरंज,कैरम, लूडो जैसे खेल यहां पर खेले जा सकेंगे। खेल भी तनाव को कम करने में मददगार होते हैं।‘मरीजों व उनके तीमारदारों को बेहतर सुविधा प्रदान करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। ध्यान-योग कक्ष में अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों व तीमारदारों को मानसिक तनाव दूर करने में मदद मिलेगी।’ डा. सुमन सिरोही प्रमुख अधीक्षक डफरिन अस्पताल,मेरठ।

# रामराज में व्यापारियों ने अहम बैठक कर, बाजार कराया बंद



सर्वहित भारत संवाददाता

मेरठ के बहसूमा थाना क्षेत्र के ग्राम रामराज मैं पुलिस चौकी के पास विवादित जमीन पर दो दिन पूर्व आंबेडकर प्रतिमा स्थापित किए जाने से व्यापारियों में भारी रोष है। शुक्रवार शाम को क्षुब्ध व्यापारियों ने सनातन धर्म मंदिर में एक अहम बैठक की, बैठक में सभी व्यापारियों ने बाजार बंद करने का ऐलान किया,रामराज हाउसिग सोसायटी की खसरा नंबर 554 में रामराज पुलिस चौकी व विवादित जमीन है। इसके पीछे खोखा व्यापारी व्यापार करते हैं। पुलिस चौकी परिसर में ही दो दिन पूर्व असामाजिक तत्वों ने आंबेडकर प्रतिमा स्थापित कर दी। इसका पता जब व्यापारियों को लगा तो उनमें रोष उत्पन्न हो गया। शुक्रवार शाम को रामराज के व्यापारी सनातन धर्म मंदिर पहुंचे और बाजार बंद कराने को लेकर बातचीत की, उनका कहना था कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद पुलिस चौकी के पास असामाजिक तत्वों ने आंबेडकर प्रतिमा स्थापित कर दी। उन्होंने प्रतिमा को शीघ्र हटवाने की मांग की और सभी व्यापारियों ने बाजार बंद करने का आह्वान किया, बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन मनचंदा,सुरेंद्र आहूजा, सुदर्शन पाहवा, ठा. जयपाल सिंह, विपेन्द्र सुधा बाल्मीकि, अमित कक्कड़, सुदर्शन गोयल, मोनू उर्फरोहित बंसल, केपी धीमान, श्रीपाल कोहली, विक्की गुंबर, ठा. देवेंद्र चौहान, ब्रह्मचारी सिंह, सतपाल प्रजापति, पवन धीमान, सत्येंद्र शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## महालक्ष्मी डिग्री कॉलिज में स्काउट एंड गाइड कैंप का आयोजन







सर्वहित भारत संवाददाता

मेरठ मवाना। महालक्ष्मी डिग्री कॉलिज में बी.एड के छात्रों के लिए स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कॉलेज चौयरमैन डॉव प्रवीण मित्तल और कॉलिज निदेशक डॉ. मोहित यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित और ध्वजारोहण कर स्काउट गाइड कैंप की शुरूआत की। इस अवसर पर स्काउट एण्ड गाइड कैंप के संस्थापक बेडेन पॉवेल की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उनको याद किया। स्काउट एण्ड गाइड कैंप संचालक सचिन शर्मा और अमरदीप ने विद्यार्थियों को विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला और सर्व समाज हित के लिए समर्पित होकर काम करने के लिए उत्साहित किया। कॉलेज चेयरमैन डॉव प्रवीण मित्तल ने सभी स्काउट एंड गाइड को आशीर्वाद और बधाई दी। वहीं संस्थान के निदेशक डॉ. मोहित यादव ने उपस्थित विद्यार्थियों को कैंप के महत्व को बताते हुए ढेरों शुभकामनाएं दी। बीएड विभागाध्यक्ष ज्योति त्यागी ने कैंप में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्रओं को कैंप के दौरान सिखाएं जाने वाली कलाओं को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पवन शर्मा, विशाखा, प्रीति शर्मा, नीपा चौधरी, आनन्द पाल, विशाल गर्ग आदि उपस्थित रहें।

## नौनिहालों को सुरक्षा न दे पाने वाले अधिकारियों से उठाई इस्तीफे की मांग



सर्वहित भारत संवाददाता

मेरठ। स्कूल खुलने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में हो रही नौनिहालों की मौत से जिले की जनता में उबाल है। ब्रहस्पतिवार को मेरठ व्यापार मंडल के बैनर तले दर्जनों लोगों ने कमिश्नरी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इसी के साथ छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की मांग उठाते हुए चेतावनी दी कि जो अधिकारी नौनिहालों को सुरक्षा देने में अक्षम है, वह तत्काल इस्तीफा दे दें। मेरठ व्यापार मंडल के जिला प्रमुख शैंकी वर्मा और महिला नेत्री जूही त्यागी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने कमिश्नरी चौराहे पर प्रदर्शन किया। जूही त्यागी ने आरोप लगाया कि नगर निगम, ट्रैफिक विभाग और स्कूल संचालकों की लापरवाही के चलते आए दिन छात्र-छात्राओं की जान जा रही है। हाल ही में सदर क्षेत्र में सड़क हादसे में कक्षा छह के छात्र की मौत के सदमे से शहर के लोग उबर नहीं पाए थे कि कल हस्तिनापुर में नर्सरी की एक छात्रा भी सड़क हादसे की भेंट चढ़ गई। संगठन के बैनर तले दर्जनों लोगों ने कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर निगम द्वारा सड़कों पर गड्ढों को तत्काल भरे जाने, ट्रैफिक विभाग द्वारा ओवरलोड स्कूल वाहनों के खिलाफ अभियान चलाए जाने, स्कूल बसों में हेल्पर को अनिवार्य किए जाने, सीएनजी और एलपीजी लगे स्कूल वाहनों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने सहित स्कूल संचालकों पर भी छात्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग की। संगठन की पदाधिकारी जूही त्यागी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी छात्रों को सुरक्षा नहीं दे सकते वह तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे दें।